Title: Need to absorb all employees already working in Indian Fertilizers Corporation Ltd. Gorakhapur in KRIBHCO and provide new pay scales to them.

श्री आदित्यनाथ (गोरखपुर) : महोदय, भारतीय उर्वरक निगम लि. के गोरखपुर यूनिट की स्थापना सन् १९६९ में हुई थी। यह उर्वरक कारखाना पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए वरदान था, परन्तु १० जून, १९९० को एक साधारण दुर्घटना के चलते उक्त कारखाना बंद कर दिया गया। औद्योगिक दृष्टि से पहले से ही पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश में लगे इस कारखाने के बंद हो जाने के कारण यहां के कर्मचारियों के साथ-साथ किसानों में भी भारी निराशा व्याप्त है।

वर्तमान सरकार ने व्यापक जनहित में उक्त बंद पड़े कारखाने को कृषक भारतीय कोऑपरेटिव लि. द्वारा पुनः चलवाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

अध्यक्ष जी, कृभको द्वारा उक्त बंद पड़े उर्वरक संयंत्र में उपलब्ध आधार संरचना तथा अन्य सुविधाओं का उपयोग करके नया संयंत्र लगाने का हम स्वागत करते हैं। इस ऐतिहासिक निर्णय को शीघ्र कार्यान्वित कराये जाने की मांग करते हुए मैं सरकार का ध्यान निम्न बिन्दुओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूं:

१. उर्वरक संयंत्र में कार्यरत कर्मियों का वेतन पुनरीक्षण संयंत्र के बंद होने के बाद से नहीं हुआ है। अतः अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की तरह कार्यरत सभी कर्मियों को नया वेतनमान दिया जाए।

२. उर्वरक संयंत्र में पहले से कार्यरत कर्मियों का समायोजन कृभको द्वारा किया जाए।